भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न संख्या 1867**

दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

इलायची के निर्यात में गिरावट

1867. **डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी:** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान इलायची के उत्पादन तथा इसके मूल्यों का ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान इलायची के निर्यात तथा आयात का देश–वार तथा वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इलायची के मूल्य तथा निर्यात में और व्यवसायी समूहन में गिरावट आयी है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या सरकार इलायची उत्पाद हेतु कोई समर्थन मूल्य रखने अथवा इलायची उत्पादक किसानों को कोई वित्तीय सहायता देने का विचार रखती है; और
(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा0 सिंधिया)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान इलायची के उत्पादन और मूल्यों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

वर्ष	इलायची (छोटी)		इलायची (बड़ी)	
	उत्पादन (टन)	औसत नीलामी मूल्य (रूपए/किग्रा)	उत्पादन (टन)	सिलीगुडी में औसत घरेलू मूल्य (रूपए/किग्रा)
2009-10	10,075	876.62	4,180	267.42
2010-11	10,380	968.22	3,918	791.20
2011-12	12,975	645.61	3,855	880.41

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इलायची के आयात एवं निर्यात का देश-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है ।

(ग एवं घ) : पिछले कुछ वर्षों में इलायची (छोटी) के घरेलू मूल्य में एक स्थिर वृद्धि दर्ज की गई है । औसत नीलामी मूल्य वर्ष 2007-08 में हुए 503.48 रूपए प्रति किग्रा. से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 968.22 रूपए प्रति किग्रा. रहा । वर्ष 2011-12 के दौरान घरेलू मूल्य गिरकर 645.61/रूपए रह गया है । वर्ष 2011-12 के दौरान हुआ उच्च उत्पादन इलायची (छोटी) के मूल्य में गिरावट का प्रमुख कारण था । वर्ष 2010-11 के दौरान इलायची (छोटी) का उत्पादन 10380 टन था; तथापि वर्ष 2011-12 के दौरान उत्पादन बढ़कर 12975 टन हो गया । इलायची (बड़ी) के घरेलू मूल्य में पिछले कुछ वर्षों में स्थिर वृद्धि दर्ज की गई है ।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान इलायची (छोटी) के निर्यात में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई दी है । इलायची (छोटी) का निर्यात वर्ष 2007-08 के दौरान हुए 500 टन से बढ़कर 2009-10 में 1975

टन हो गया । वर्ष 2010-11 के दौरान इलायची (छोटी) का उच्चतर घरेलू मूल्य निर्यात को प्रभावित किया तथा वर्ष 2010-11 के दौरान निर्यात सिर्फ 1175 टन ही था । वर्ष 2011-12 की अवधि के दौरान, घरेलू मूल्य में गिरावट की वजह से इलायची का निर्यात अपने सभी समय के निर्यात के रिकॉर्ड को पार कर 4650 टन रहा । मसाला बोर्ड ने सूचित किया है कि इलायची व्यापार में उत्पादक संघ नहीं है ।

(ड. एवं च) : मूल्य सहायता कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । इलायची (छोटी एवं बड़ी) के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार के लिए सरकार ने एक विशिष्ट स्कीम कार्यान्वित की है अर्थात इलायची बागानों के पुनर्रोपण एवं नवीकरण हेतु विशेष उद्देश्य निधि । मसालों के निर्यातोन्मुखी उत्पादन एवं फसलोत्तर सुधार हेतु दूसरे स्कीम के तहत इलायची के उत्पादन, उत्पादकता तथा गुणवत्ता में सुधार को सरल बनाने के लिए गतिविधि घटक हैं । मसाला बोर्ड द्वारा XI वीं योजना से इन स्कीमों को लगातार कार्यान्वित किया जा रहा है । इलायची उपजकर्ताओं/निर्यातकों के लाभ के लिए एक ई-नीलामी प्रणाली भी आरंभ किया गया जो ज्यादा पारदर्शी है तथा सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है ।

अनुलग्नक

दिनांक 29.08.2012 को उत्तरार्थ राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1867 के भाग (ख) से संबंधित अनुलग्नक

भारत से इलायची का प्रमुख देशवार निर्यात

	2009-10		2010-11(अ)		2011-12(अ)	
मद/प्रमुख देश	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
	(मी.टन)	(लाख रूपए)	(मी.टन)	(लाख रूपए)	(मी.टन)	(लाख रूपए)
इलायची (छोटी)						
सउदी अरब	1118	9409.51	724	8155.96	3098	23828.52
कुवैत	92	818.59	102	1109.60	117	910.67
यू ए ई	296	2519.69	62	641.73	555	4349.71
यू एस ए	50	473.90	40	627.47	39	455.00
जापान	34	319.27	26	376.52	46	525.00
पाकिस्तान	30	268.98	33	288.34	137	962.42
यू के	55	462.81	18	238.14	143	1008.34
मलेशिया	46	304.09	21	229.06	78	664.21
आस्ट्रेलिया	32	222.67	16	185.24	36	384.00
अन्य सहित कुल	1975	16570.14	1175	13216.66	4650	36322.28
इलायची (बड़ी)						
पाकिस्तान	758	1195.68	581	3231.58	719	4859.99
यू ए ई	58	129.30	46	379.88	87	726.30
यू के	79	191.26	39	247.60	35	382.89
दक्षिण अफ्रीका	16	39.11	21	189.81	7	62.42
यू एस ए	18	53.99	33	119.29	31	286.93
कनाडा	16	36.97	7	42.34	11	97.04
ऑस्ट्रेलिया	8	21.58	9	24.22	5	54.36
अन्य सहित कुल	1000	1788.72	775	4462.46	935	6830.00

भारत में इलायची का प्रमुख देशवार आयात

	2009-10 (अ)		2010-11(अ)		2011-12 (अ)	
मद/प्रमुख देश	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
	(मी.टन)	(लाख रूपए)	(मी.टन)	(लाख रूपए)	(मी.टन)	(लाख रूपए)
इलायची (छोटी)						
ग्वाटेमाला	55	278.13	64	575.7	49	356.22
यू ए ई	-	-	5	44.5	1	7.55
सिंगापुर	40	57.34	5	36.3	-	-
अन्य सहित कुल	95	335.74	75	656.5	51	361.71
इलायची (बड़ी)						
नेपाल	6000	6719.00	3678	9152.3	2322	10376.49
अन्य			372	1065.2	8	9.33
अन्य सहित कुल	6000	6719.00	4050	10217.5	2330	10385.82